महत्वपूर्ण एवं खास

युवती के खाते से 1 लाख से अधिक की रकम पार

रायपुर (आरएनएस)। आईआईएम कॉलेज चेरिया में पार्ट टाइम जॉब के नाम पर मैसेज भेजकर युवती के खाते से 1 लाख 98 हजार 760 रुपए आहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया समीक्षा सिंह 24 वर्ष आईआईएम कॉलेज हॉस्टल चेरिया में रहती है और पढ़ाई करती है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रार्थिया को पार्ट टाइम जाब के नाम पर मैसेज भेजकर टेलीग्राम यूसर नेम के माध्यम से यूपीआई आईडी में छलपूर्वक प्रार्थिया से 1 लाख 98 हजार 760 रुपए ठग लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते बहन को पीटा

रायपुर (आरएनएस)। आदिवासी कालोनी कुशालपुर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने अपनी बहन से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया नीलीमा सोनी 44 वर्ष देवनगरी कालोनी महादेव घाट रायपुरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया अपने भाई के यहां आदिवासी कालोनी कुशालपुर गई थी। जहां आरोपी भाई उमेश कुमार सोनी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

साड़ियों से भरी वैन पकड़ाई, मतदाताओं को बांटने की थी योजना

रायपुर (आरएनएस)। शहर के टिकरापारा थाना पुलिस ने थानाक्षेत्र में साडिय़ों से भरी एक वैन को जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त साडिय़ां मतदाताओं को बांटने के लिए ले जायी जा रही थी। हालांकि ये किस प्रत्याशी की ओर से भेजी गई इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। चुनाव आयोग की एफएसटी टिकरापारा थाना में वैन के ड्राइवर, हेल्पर से पूछताछ कर रही है। बता दें कि राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर एफएसटी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है।

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा की ऑनलाईन आवेदन 15 तक

बालोद (आरएनएस)। जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 9वीं व 11वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली चयन परीक्षा की तिथि 10 फरवरी 2024 को निर्धारित की गई है। प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन में ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 15 नवंबर 2023 है। प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली ने बताया कि बालोद जिले के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2023-24 में अध्ययनरत् कक्षा 8वीं की छात्र-छात्राएं जिनका जन्म 01 मई 2009 से 31 जुलाई 2011 तक है वे आवेदन के लिए पात्र है। इसी तरह कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए जिले के विभिन्न विद्यालयों में सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत् छात्र-छात्राए जिनकी जन्म तिथि 01 जून 2007 से 31 जुलाई 2009 तक है वे आवेदन के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकृत छात्र-छात्राएं ऑनलाईन आवेदन में वर्ग, लिंग, विकलांगता एवं परीक्षा के माध्यम में सुधार करने हेतु 16 एवं 17 नवंबर तक कर सकेंगे।

होम वोटिंग की सुविधा ने किया बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के लोकतंत्र में अनिवार्य भागीदारी के सपने को किया साकार

❒ **निर्वाचन आयोग की नई व्यवस्था भा गया**

महासमुंद (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग के होम वोटिंग की नई सुविधा मिलने पर महासमुंद जिले के 80 वर्ष से अधिक के आयु के बुजुर्गों तथा चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अनिवार्य भागीदारी का सपना साकार किया है। इस नई व्यवस्था के तहत जिले के 350 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गयी थी। आज सुबह 08:00 बजे से रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा मतदान दलों को रवाना किया गया। सामान्य प्रेक्षक विवेक एल भीमनवार ने नयापारा स्थित 85 वर्षीय शहजादी बेगम के घर जाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने होम वोटिंग की सुविधा का निरीक्षण किया। वहीं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने भी स्थानीय वार्ड नम्बर 20 महासमुंद में जाकर 80 वर्षीय वरिष्ठजन भवन लाल जैन से मिलकर होम वोटिंग का जायजा लिया।

होम वोटिंग के दौरान सरायपाली विकासखंड अंतर्गत लक्ष्मी पटेल 81 वर्ष, जागसाय पटेल 82 वर्ष, कौशिल्या देवी अग्रवाल 90 वर्ष, तथा बसना विकासखंड अंतर्गत सुंदर मोती निषाद 90 वर्ष, डॉ. सुरीत कश्यप 86 वर्ष, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत भातकुंदा की सुनाई पटेल 85 वर्ष, झिलमिला की मालती बाई 81 वर्ष, महासमुंद निवासी कुंज लाल साहू एवं मेमरा की दिव्यांग सीता बाई निषाद 35 वर्ष जैसे अनेक वरिष्ठजनों और दिव्यांगों ने उत्साहित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाताओं ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान नहीं की जाती तो इस समय उनके लिए अपने शारीरिक अस्वस्थता के चलते मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान करना बिलकुल भी असंभव था। सभी ने उनके जैसे अनेक बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को उनके घरों पर ही मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के इस होम वोटिंग की नई व्यवस्था की प्रशंसा की।

सरायपाली की 90 वर्षीय कौशिल्या देवी अग्रवाल ने होम वोटिंग कर उत्साहित होकर कहा कि उनके वृद्धावस्था एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण उनके लिए मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करना बिल्कुल भी संभव नहीं था। लेकिन भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के कारण आज उसे अपने घर में ही मतदान करने का अवसर मिला है। अपने मताधिकार का प्रयोग करने से अब मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाने की कमी नहीं खलेगी। भारत निर्वाचन आयोग की इस नई व्यवस्था की बसना की 90 वर्षीय सुंदरमोती निषाद ने सराहना करते हुए कहा कि आज उसे अपने घर में ही मताधिकार का सुविधा मिलना उनके लिए किसी सपने का साकार होने जैसा है। उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि अपने इस उम्र के इस पड़ाव एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण इस बार उसे मतदान करने का सौभाग्य भी प्राप्त होगा। लेकिन आज भारत निर्वाचन आयोग के इस व्यवस्था के कारण उसे आज अपने घर पर ही मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हुआ।

इसी तरह पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम मेमरा की 35 वर्षीय दिव्यांग सीता बाई निषाद ने भारत निर्वाचन आयोग की होम वोटिंग की सुविधा की प्रशंसा करते हुए बताया कि दिव्यांग होने के कारण अपने शारीरिक परेशानियों के चलते मतदान केंद्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग नही कर पाते थे। इसके लिए उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग को विनम्र आभार व्यक्त किया। उनके अलावा अन्य मतदाताओं ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के इस नई व्यवस्था के कारण उनके जैसे अनेक दिव्यांगों के अलावा चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्गों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। वास्तव में यह व्यवस्था देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में कारगर साबित होगा। होम वोटिंग हेतु विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42 के लिए 04 रूट, खल्लारी-41 के लिए 12 रूट, बसना-40 के लिए 13 रूट व सरायपाली-39 के लिए 12 रूट निर्धारित किए गए है। छूटे हुए मतदाता 11 नवम्बर 2023 को सुबह 8 बजे शाम 5 बजे तक होम वोटिंग कर सकते हैं।

निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित एवं कार्य के प्रति उदासीन 18 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

गरियाबंद (आरएनएस)। विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तर पर समस्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्र. 01, मतदान अधिकारी क्र. 2, मतदान अधिकारी क्र. 03 का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित महाविद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर 17 एवं कार्य के प्रति उदासीनता बरतने पर एक कर्मचारी, इस प्रकार कुल 18 अधिकारी - कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इनमें तीन पीठासीन अधिकारी, दो मतदान अधिकारी क्रमांक-01, एक मतदान अधिकारी क्रमांक - 02 एवं एक मतदान अधिकारी क्रमांक - 03, चार सहायक ग्रेड - 03 एवं सात भृत्य शामिल है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पीठासीन अधिकारी प्रधान पाठक हलधर यादव द्वारा कार्य के प्रति अपनी उदासीनता/अरूचि प्रदर्शित किये जाने एवं कार्य के संबंध में आवश्यक जानकारी पूछने पर लापरवाही पूर्वक जवाब देते हुए पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार आयोजित निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम में 17 कर्मचारी बिना कोई पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए है। संतोष जनक जवाब प्राप्त न होने की स्थिति में सभी अधिकारी - कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु आयोग को प्रस्ताव प्रेषित किया जायेगा। इन 17 कर्मचारियों में प्रेमलाल वर्मा शिक्षक (एलबी), नारायण यादव व्याख्याता वर्ग - 02, देवानंद साहू सहायक शिक्षक (एलबी), धनेश्वर देवदास सहायक ग्रेड - 03, मनराखन लाल बंध्वारे प्रधानपाठक, गोरखनाथ यादव प्रधानपाठक, ज्ञानेन्द्र साहू सहायक ग्रेड - 03, दीपक गायकवाड़ सहायक ग्रेड - 03, महेन्द्र कुमार बघेल सहायक ग्रेड - 03, रजनीश रामटेके सहायक ग्रेड - 03, खेमसिंह ध्रुव भृत्य, बिशाल राम वर्मा भृत्य, गणेश पैकरा भृत्य, बेल कुमार सेन भृत्य, कमल प्रसाद तिवारी भृत्य, देवेन्द्र कुमार यादव भृत्य एवं गोर्वधन लाल ध्रुव भृत्य शामिल है।

एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों से मतदाता कर सकेंगे मतदान

गरियाबंद (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक नि:शक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

स्वीप बाइक रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान का दिया सन्देश

गरियाबंद (आरएनएस)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा और स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के निर्देशन में विगत दिवस गरियाबंद में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, कॉलेज के विद्यार्थियों एवं अधिकारी - कर्मचारियों सहित आमजनों ने भाग लेकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। बाइक रैली में गरियाबंद जिले के मतदाताओं द्वारा अपने-अपने मोटर सायकल में जागरूकता संदेश लेकर बाइक में बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स लगाकर शहर के देवभोग रोड स्थित पुलिस लाईन से शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय तक बाइक रैली निकाला गया। रैली में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने भी शामिल होकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। विधानसभा निर्वाचन में गरियाबंद जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु लगातार शहर से लेकर गावों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में अलग उत्साह है। जिले के युवा और बुजुर्ग मतदाता मतदान करने उत्साहित नजर आ रहे हैं।

बाइक रैली में शामिल युवाओं द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज पहुंचकर मतदान का संकल्प लिया गया। रैली में शामिल सभी लोगों ने स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

जोन 1, 6, 8 के विभिन्न स्थानों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, सफाई मित्र कर्मचारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी है. इस क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 1 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा अपर आयुक्त शैलेन्द्र पाटले, विनोद पाण्डेय, जोन 1 जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा की उपस्थिति में जोन के अन्तर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों में रहवासी मतदाताओं के मध्य मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी, वहीं जोन क्रमांक 6 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा अपर आयुक्त शैलेन्द्र पाटले, जोन 6 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल की उपस्थिति में जोन क्षेत्र के तहत बाजार में मतदाता जागरूकता रैली निकाली. इसी प्रकार नगर निगम जोन क्रमांक 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव की उपस्थिति में जोन के तहत वीर सावरकर नगर वार्ड क्रमांक 1 में ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने रहवासी क्षेत्र के मतदाताओं को स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत शत- प्रतिशत मतदान करने की दृष्टि से जागरूक बनाने रैली निकाली एवं जोन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रहवासी मतदाताओं के साथ मिलकर शत - प्रतिशत मतदान की दृष्टि से सामूहिक शपथ ली. रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी रहेगा.

परिजनों ने एक साथ वोट कर हम साथ-साथ हैं में खिंचाई तस्वीर

कांकेर (आरएनएस)। विधानसभा आम निर्वाचन के तहत कांकेर जिले के मतदान केंद्रों में मतदाताओं की दंपति और परिजनों को प्रोत्साहित करने हम साथ साथ हैं थीम पर आधारित सेल्फी कॉर्नर बनाए गए थे, जहां पर मतदान के बाद मतदाताओं ने सपरिवार सेल्फी लेकर अपनी खुशी का इजहार किया। कांकेर शहर के माहुरबंद पारा के आदर्श मतदान केन्द्र में सुबह से वोट डालने आए पटेल दंपति ने वोट करने बाद हम साथ साथ हैं सेल्फी कॉर्नर में फोटो भी खिंचाई। 74 वर्षीय मीना पटेल ने बताया कि वह इतने सालों से वोट करती आ रही है, लेकिन ऐसी उम्दा व्यवस्था पहली बार दिखी। उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथ को ऐसा सजाया गया है जैसे यह शादी का मण्डप हो। उनके पति रामनारायण पटेल ने भी मतदान केन्द्र की तारीफ करते हुए कहा कि जीवन में पहली बार इतने खुशनुमा माहौल में वोट करने का अवसर मिला। इसी तरह स्थानीय रहवासी राहुल आमाडार और उनकी पत्नी ममता यादव ने भी मतदान केन्द्र की खूबसूरती देखकर हतप्रभ रह गए। यादव ने बताया कि उनकी शादी हाल ही में हुई है और उन्होंने पहली बार मतदान किया। उन्होंने शरमाते हुए कहा कि मतदान केन्द्र की साज-सज्जा को देखकर उनकी शादी वाला दिन याद आ गया। उनके पति राहुल ने भी आदर्श मतदान केन्द्र की व्यवस्था देखकर काफी खुश हो गए।

इसी केन्द्र में पहली बार वोट करने आई दो बहने कुमारी मेघा और वर्षा जैन ने भी मतदान करने के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनका मतदान करने का पहला अनुभव काफी सकारात्मक रहा, ऐसी ही सुविधाएं हर बूथ पर होनी चाहिए। इसी तरह बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा कुमारी काजल मण्डावी ने भी आदर्श मतदान केन्द्र माहुरबंदपारा की सजावट देखकर मंत्रमुग्ध हो गई। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे, जहां पर आकर्षक ढ़ंग से साज-सज्जा कर अनेक सुविधाएं विकसित की गई, जिसका परिणाम काफी अनुकूल एवं सकारात्मक रहा।

कैंसर पर कैसे पाएं विजय, बालको कर रहा लोगों को जागरूक

कोरबा (आरएनएस)। वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने समुदाय के भीतर कैंसर की शीघ्र पहचान और जागरूकता बढ़ाने के लिए मुहिम चलाया। बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) के सहयोग से कंपनी ने स्तन कैंसर जागरूकता माह और राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर अक्टूबर के पूरे महीने में सामुदायिक महिलाओं, फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं और शिक्षकों को जागरूकता प्रदान किया।

बालको ने समुदायों में परिवार के कल्याण पर महिलाओं के महत्वपूर्ण प्रभाव, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के प्रसार में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं और अगली पीढ़ी को तैयार करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए उनकी जागरूकता को प्राथमिकता देने का फैसला किया। कैंसर की रोकथाम और शीघ्र पता लगाने के बारे में जागरूक करने के साथ उन्हें सशक्त बनाना। वेबिनार सत्र और जागरूकता वार्ता का उद्देश्य कैंसर की रोकथाम और इलाज के साथ एक स्वस्थ और अधिक जागरूक समाज का निर्माण करना। डॉ. नूपुर प्रिया और डॉ. अजीत अग्रवाल सहित बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) के कैंसर विशेषज्ञों की टीम ने विभिन्न कार्यक्रमों और सत्रों का नेतृत्व करते हुए विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके कारकों और स्क्रीनिंग पर बात की।

सर्जिकल, रेडिएशन, हेमटोलॉजिकल, बीएमटी और उपशामक देखभाल के लिए व्यापक सुविधाओं के साथ बालको मेडिकल सेंटर भारत के ऑन्कोलॉजी क्षेत्र में एक राष्ट्रीय पहचान रखता है। रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित अत्याधुनिक 170 बिस्तरों वाला अल्ट्रा-आधुनिक, मल्टी-मोडैलिटी डायग्नोस्टिक और चिकित्सीय सुविधा। अपनी स्थापना के बाद से बीएमसी ने घरेलू कैंसर उपचार, जागरूकता, बुनियादी ढांचे और आधुनिक उपकरणों की मदद से लगभग 33,000 से अधिक रोगियों की स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा किया है। स्वास्थ्य जागरूकता सत्र महिलाओं को कैंसर का शीघ्र पता लगाने के महत्व और संबंधित जोखिम कारकों के बारे में शिक्षित करने पर केंद्रित था। 200 से अधिक प्रतिभागियों को स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को रोकने के लिए स्व-परीक्षण और नैदानिक जांच करने के लिए सशक्त और प्रोत्साहित किया गया। इंटरैक्टिव कार्यक्रमों में प्रश्नोत्तर सत्र, कैंसर की चुनौतियां एवं निवारक उपाय और चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के महत्व को प्रोत्साहित करना भी शामिल था। सत्रों में समय पर जांच के माध्यम से कैंसर की रोकथाम प्रकृति को भी दोहराया गया और आज उपलब्ध उपचार के तरीकों पर समुदाय को व्यापक जानकारी साझा की गई। जागरूकता सत्र महिलाओं को कैंसर का शीघ्र पता लगाने के महत्व और संबंधित जोखिम कारकों के बारे में शिक्षित करने पर केंद्रित था। प्रतिभागियों को स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को रोकने के लिए स्व-परीक्षण और नैदानिक जांच कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इंटरैक्टिव कार्यक्रमों में प्रश्नोत्तर सत्र, कैंसर की चुनौतियां एवं निवारक उपाय और चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के महत्व को प्रोत्साहित करना भी शामिल था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिछड़े पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU